पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नातक (बी.व्ही.एससी एण्ड ए.एच)/ मत्स्य विज्ञान स्नातक (बी.एफ. एससी) पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यूजी (NEET-UG) 2024 के मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु नियम पुस्तिका सत्र 2024–25

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर(म.प्र.)

भाग 1

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालयों में वर्ष 2024-25 में बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच., स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम

1.0 **सामान्य जानकारी**:- ये नियम नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा प्रकाशित बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच.,स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम कहलायेंगे जिसमें प्रवेश राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (NEET-UG) 2024 के मेरिट के आधार पर किया जावेगा ।

1.1 स्नातक डिग्री एवं अवधि: बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच., पाठयक्रम की अवधि साढे पॉच (**5½**) वर्ष (इन्टर्नशिप सहित) है एवं शिक्षा का माध्यम अग्रेजी भाषा होगी।

1.2 स्नातक पाठयक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यतायें

1.2.1 **<u>बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच. पाठयक्रम</u>** में केवल वे प्रत्याशी ही योग्यता के आधार पर प्रवेश के पात्र होंगे, जिनके नाम की अनुशंसा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) (NEET-UG) 2024 के आधार पर की जावेगी।

1.2.2 वे प्रत्याशी, जिन्होनें माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश/केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल, नई दिल्ली द्वारा संचालित (10+2) पद्धति से 12वीं कक्षा की परीक्षा या केन्दीय सरकार अथवा संबधित राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मण्डल की 12 वी की समकक्ष परीक्षा में नीचे दिये गये (अ) एवं (ब) में उल्लेखित विषयों सहित उत्तीर्ण की हो।

(अ) भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान

तथा

(ब) अंग्रेजी विषय लेकर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

इस पाठयक्रम की प्रवेश परीक्षा में वे छात्र भी सम्मिलित हो सकते हैं, जो इस वर्ष 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं या होने वाले हैं। किन्तु इन छात्रों का उपरोक्त पाठयक्रम में प्रवेश हेतु चयन तभी मान्य होगा जब वे प्रवेश के समय अर्हताकारी 10+2 पद्धति की 12 वी कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर अंक सूची प्रस्तुत करेगें। ऐसे आवेदक जो इस वर्ष की अर्हताकारी परीक्षा में उत्तीर्ण न होकर बाद की किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं वे प्रवेश के पात्र नहीं होगें, भले ही उन्होंने NEET-UG की प्रावीण्य सूची में स्थान क्यों न प्राप्त कर लिया हो।

1.3 **न्यूनतम योग्यता:** अभ्यर्थी को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) (NEET) 2024 परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा । श्रेणी एवं वर्ग वार न्यूनतम नीट परसेन्टाइल अंक (Cut-Off Marks) Qualifying Criteria of NEET (UG) राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (National Testing Agency) द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों के अधीन मान्य होगें। यह Cut-Off Marks पंजीयन हेतु एवं सीटों के आवंटन हेतु लागु होगें। आवश्यतानुसार Cut-Off Marks कम किया जा सकता हैं।

बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच. पाठयक्रम में प्रवेश के लिए अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर/ अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवारों को 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण् होना होगा एवं इन विषयों में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होगें। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण् होना होगा एवं इन विषयों में कुल मिलाकर न्यूनतम 47.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होगें । परन्तु किसी भी छात्र को 10+2 कक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह प्रतिशत अंक पंजीयन हेतु एवं सीटों के आवंटन हेतु लागु होगें।

1.4 पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालयों में सीटों का आरक्षण एवं वर्गीकरण अगले पृष्ठ में दर्शाया गया है।

बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच. पाठयक्रम में सीटों का आरक्षण एवं वर्गीकरण

1. फ्री सीट

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महा विद्यालय का नाम	अनारक्षित (यू.आर.)							अनु.जाति (एस.सी.)							अनु.जनजाति (एस.टी.)							अन्य पिछडा वर्ग (ओ.बी.सी.)							EWS			महा योग
	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	**योग**	
जबलपुर	10	4	0	1	0	0	15	5	2	0	0	1	0	8	6	4	0	0	0	1	11	9	5	1	0	0	0	15	4	2	6	55
महू	9	5	0	0	1	0	15	5	3	0	1	0	0	9	6	3	1	0	1	0	11	8	5	0	1	0	1	15	4	1	5	55
रीवा	9	4	0	0	0	1	14	4	3	1	0	0	1	9	6	3	1	1	0	0	11	9	4	1	0	1	0	15	4	2	6	55
योग	**28**	**13**	**0**	**1**	**1**	**1**	**44**	**14**	**8**	**1**	**1**	**1**	**1**	**26**	**18**	**10**	**2**	**1**	**1**	**1**	**33**	**26**	**14**	**2**	**1**	**1**	**1**	**45**	**12**	**5**	**17**	**165**

2. पेमेंट सीट

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महा विद्यालय का नाम	अनारक्षित (यू.आर.)							अनु.जाति (एस.सी.)							अनु.जनजाति (एस.टी.)							अन्य पिछडा वर्ग (ओ.बी.सी.)							EWS			महा योग
	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	**योग**	
जबलपुर	4	2	0	0	0	0	6	2	1	0	0	0	0	3	3	1	0	0	0	0	4	4	1	0	0	0	0	5	2	0	2	20
महू	3	2	0	0	0	0	5	3	1	0	0	0	0	4	3	1	0	0	0	0	4	3	2	0	0	0	0	5	1	1	2	20
रीवा	4	1	0	0	0	0	5	2	1	0	0	0	0	3	2	2	0	0	0	0	4	4	2	0	0	0	0	6	1	1	2	20
योग	**11**	**5**	**0**	**0**	**0**	**0**	**16**	**7**	**3**	**0**	**0**	**0**	**0**	**10**	**8**	**4**	**0**	**0**	**0**	**0**	**12**	**11**	**5**	**0**	**0**	**0**	**0**	**16**	**4**	**2**	**6**	**60**

वर्गः F = महिला, KS= कृषक, FF= स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, SN = सैनिक, PH = दिव्यांग , EWS = आथिर्क रूप से कमजोर, X = इनमें से कोई नहीं अर्थात बिना वर्ग ।

1.4.1. **पेमेंट सीटों में प्रवेश:-**

तीनों पशुचिकित्सा महाविद्यालयों में 20 प्रतिश्त सीटें पेमेंट सीट होगी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) (NEET) 2024 के मेरिट के आधार पर पेमेंट सीट में प्रवेश दिया जायेगा। पेमेंट सीट में प्रवेश के लिए अभ्यथ्यिों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने की बाध्यता नहीं होगी। आरक्षित वर्ग के सीटों में प्रवेश केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही दिया जावेगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को केवल अनारक्षित वर्ग के सीटों में ही प्रवेश के पात्र होगें। काउंसलिंग के समय पेमेंट सीट में प्रवेश हेतु विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** / पोर्टल https://ndvsu.mponline.gov.in देखें।

1.4.2. तीनों पशुचिकित्सा महाविद्यालयों में 15 प्रतिश्त सीटों पर प्रवेश भारतीय पशुचिकित्सा परिषद्र (VCI) नई दिल्ली द्वारा किया जावेगा।

1.4.3. **कश्मीरी प्रवासी एवं कशमीरी पंडित/हिंदु परिवारों (अप्रवासी) कशमीरघाटी में निवासरत के बच्चों के** बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु तीनों पशुचिकित्सा महाविद्यालयों में निर्धारित सीटों के अतिरिक्त 5 प्रतिश्त सीटें निर्धारित होंगी। आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें। इनकी काउंसिलिंग विश्वविद्यालय स्तर पर की जाती है।

1.4.3.1 **जम्मू एवं कश्मीर एवं लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के विद्यार्थीयों के लिए** बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु तीनों पशुचिकित्सा महाविद्यालयों में निर्धारित सीटों के अतिरिक्त दो सुपरन्यूमरी कोटा सीटें निर्धारित होंगी। आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें। इनकी काउंसिलिंग विश्वविद्यालय स्तर पर की जाती है।

1.4.4. **एन.आर.आई./अप्रवासी भारतीय अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु** (आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें): बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. उपाधि पाठ्यक्रम हेतु प्रत्येक पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में प्रवेश क्षमता के अतिरिक्त 10 प्रतिशत सीटें एन.आर.आई. के लिए आरक्षित रहेगी। आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें। इनकी काउंसिलिंग विश्वविद्यालय स्तर पर की जाती है।

1.4.5 प्रवेशित छात्रों/छात्राओं को प्रवेश के समय विश्वविद्यालय के नियमों के पालन हेतु निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1.5 यदि कोई अभ्यर्थी प्रवेश लेने के पश्चात संस्था प्रमुख को सूचित किए बिना लगातार 15 दिवस अनुपस्थिति रहता है तो उस सीट के लिए उसके सभी अधिकार स्वतः ही समाप्त हो जावेगें।

1.6 **वास्तविक निवासी की पात्रतायें**: पाठयक्रमों की सीटों पर केवल ऐसे अभ्यर्थी को ही प्रवेश की पात्रता होगी।

1. जो भारत का नागरिक हो।

2. (क) जिसने वर्ष 2020 से वर्ष 2024 तक पांच वर्ष की अवधि में म.प्र. में स्थित शिक्षण संस्था में कम से कम लगातार तीन वर्षो तक अध्ययन किया हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 10 में)

अथवा

(ख) जो नीचे दिये गये स्पष्टीकरण (1) के अनुसार म.प्र. का वास्तविक निवासी हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 11 में)

अथवा

(ग) जो निम्नलिखित का पुत्र/पुत्री होः

(1) मध्यप्रदेश शासन के सेवारत अथवा सेवा निवृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश शासन की सेवा में होते हुए मृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश के संवर्ग में धारित अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 12 में)

(2) केन्द्रीय शासन का ऐसा कर्मचारी (जिसमें सशस्त्र सेना के कर्मचारी, भारतीय डाक-तार टेलीफोन तथा रेल्वे विभाग के कर्मचारी भी सम्मिलित हैं) अथवा सार्वजनिक उपक्रम का ऐसा कर्मचारी जो दिनांक 1 जनवरी, 2024 को अथवा उसके पूर्व की तिथि से प्रवेश की तिथि तक म.प्र. में पदस्थ रहा हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 13 में)

(3) ऐसा व्यक्ति जो केन्द्रीय शासन अथवा राज्य शासन की किसी योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश में स्थायी रूप से बस गया हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 14 में)

स्पष्टीकरण 1 : म.प्र. का वास्तविक निवासी : अभ्यर्थी म.प्र. का वास्तविक निवासी तभी माना जावेगा जब वह नीचे दी गयी दोनों शर्तो (अ) एवं (ब) की पूर्ति करेगा।

(अ) वह मध्यप्रदेश में पैदा हुआ हो

अथवा

उम्मीदवार स्वयं या उसका पिता या माता (यदि पिता जीवित न हो) अथवा यदि पिता/माता दोनों जीवित न हो तो उसका वैध अभिभावक मध्यप्रदेश में निरंतर 15 वर्ष से रह रहा/रही हो अथवा उम्मीदवार स्वयं अथवा उसका पिता/माता (यदि पिता जीवित न हो) अथवा यदि पिता/माता दोनों जीवित न हो तो उसका वैध अभिभावक परीक्षा के वर्ष के पहले कम से कम पांच वर्ष से मध्यप्रदेश में कोई व्यवसाय अथवा व्यापार कर रहा हो अथवा कोई अचल संपत्ति रखता हो।

एवं

(ब) उसने म.प्र. स्थित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कम से कम तीन वर्ष का अध्ययन किया हो जिसमें कक्षा एक से पूर्व की शिक्षा सम्मिलित नहीं होगी।

अथवा

उसने म.प्र. स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था से आठवीं कक्षा, दसवीं कक्षा/बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

टिप्पणी : मध्यप्रदेश के वास्तविक निवासी संबंधी प्रमाण-पत्र (प्रारूप 11 के अनुसारं) कलेक्टर अथवा कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में संदर्भ क्रमांक, जारी करने की तिथि, कार्यालय सील तथा जारी करने वाले अधिकारी का नाम व पद का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

स्पष्टीकरण-2 (अभिभावक) : किसी भी आवेदक के वैध अभिभावक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संबंधित जिला दण्डाधिकारी की राय में आवेदक के पिता और माता की मृत्यु से आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक उसका अथवा उसकी अचल संपति का अथवा दोनों का वास्तविक संरक्षक/नियंत्रक हों। अभिभावक होने के संबंध में सक्षम न्यायालय से तदाशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी के पिता जीवित न हो परन्तु माता जीवित हो तो माता को ही अभ्यर्थी का स्वाभाविक अभिभावक माना जावेगा और अन्य किसी व्यक्ति के अभिभावक के रूप में मान्यता नहीं होगी।

स्पष्टीकरण-3 (दत्तक पुत्र/पुत्री) :यदि कोई आवेदक अनारक्षित अथवा आरक्षित श्रेणी में दत्तक पुत्र/पुत्री के आधार पर प्रवेश के लिए आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि से कम से कम पांच वर्ष पूर्व प्रतिपादित वैध दत्तकनामा होगा। दत्तकनामा तब तक मान्य नहीं किया जावेगा जब तक उसकी संपुष्टि विद्यालय/महाविद्यालय के अभिलेख तथा उच्च माध्यमिक/बी.एस-सी. भाग एक अथवा गत पांच वर्षो से आवेदक द्वारा उत्तीर्ण किसी परीक्षा के प्रमाण-पत्र से नहीं हो जाती है। इन नियमों के अन्तर्गत प्रवेश की पात्रता के लिए ऊपर वर्णित अभिलेख जाति एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के दत्तक आवेदकों के मामले में यह आवश्यक होगा कि ऐसे आवेदक गोद लिए जाने के पूर्व ही क्रमश: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ही रहे हों। ऐसे आवेदक जो मूलतः अन्य जाति के हो तथा उन्हें किन्ही अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के व्यक्तियों ने गोद लिया हो अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आवेदक को प्राप्त सुविधा के लाभ के पात्र नहीं होगें।

1.7 **आयु सीमा** : प्रवेश हेतु यह आवश्यक होगा कि प्रत्याशी की आयु 31 दिसम्बर 2024 को न्यूनतम 17 वर्ष की हो।

1.8 फ्री सीटों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है परंतु पेमेंट सीटों में प्रवेश के लिए अभ्यथ्यिों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने की बाध्यता नहीं होगी। मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को प्रारूप 17 के अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1.9 **आरक्षण :**

(अ) मध्यप्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर **(EWS)** वर्ग के पुत्र/पुत्रियों के लिए क्रमश: 16, 20, 27 एवं 10 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे।

(ब) सभी आरक्षित वर्गो में मध्यप्रदेश में वास्तविक रूप से कृषि व्यवसाय में स्थायी रूप से कार्यरत कृषकों, जिनकी जीविका पूर्णतः कृषि पर आधारित हो, उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए 5 प्रतिशत स्थान होरीजोन्टल आरक्षित रहेगें।

(1) कृषक वर्ग के आरक्षण का लाभ कृषकों के उन पुत्र-पुत्रियों को प्राप्त होगा जिन्होंने 5 वीं, 8वीं, 10वीं तथा 12वीं कक्षा में से किन्ही दो कक्षाओं में ग्रामीण क्षेत्र की शाला में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन किया हो। स्वाध्यायी छात्रों /छात्राओं के लिए यह आवश्यक होगा कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों से उपरोक्त में से कोई दो परीक्षाएं उत्तीर्ण की हों ।

(2) शाला का ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत होना प्रमाणित करने के लिए तहसीलदार अथवा विकासखण्ड अधिकारी का प्रारूप प्रमाण-पत्र मान्य होगा। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 15 में)

(स) सभी वर्गो के अन्तर्गत म.प्र. में पंजीकृत वास्तविक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के पुत्र/पुत्रियों, पौत्र/पौत्रियों के लिए 3 प्रतिशत (प्रमाण-पत्र प्रारूप 5 में) होरीजोन्टल आरक्षण रहेगा।

(द) भारतीय सेना में कर्तव्य के दौरान वीरगति को प्राप्त अथवा स्थाई रूप से निःशक्त हुए सैनिकों /भूतपूर्व तथा कार्यरत सेना के कर्मियों (Defence Personnel) /सेन्ट्रल आर्म पुलिस फोर्स के पुत्र एवं पुत्रियों/ आश्रितों के लिए पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु 02 प्रतिशत स्थान होरिजोन्टल आरक्षण के तहत आरक्षित होंगे एवं उपरोक्त होरीजोन्टल आरक्षित सीटों पर अभ्यर्थी उपलब्ध नही होने पर रिक्त स्थानो की पूर्ति उसी श्रेणी के बिना वर्ग के प्रत्याशियों से की जावेगी। इस वर्ग के अंतर्गत प्रवेश हेतु दावा करने वाले उम्मीदवार को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि, वह मध्यप्रदेश में व्यवस्थापित भूतपूर्व सैनिक का पुत्र/पुत्री है। भूतपूर्व सैनिक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई, भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा के अंतर्गत आता हैं। भूतपूर्व सैनिक के पुत्र/पुत्री होने के फलस्वरूप प्रवेश का दावा करने वाले उम्मीदवार को अपने पिता/माता का भूतपूर्व सैनिक संबंधी प्रमाण-पत्र इस नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप-3 भाग-अ में तथा अपने पिता/माता के मध्यप्रदेश में व्यवस्थापित होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रारूप-3 भाग-स में, संबंधित जिले के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (पूर्व का पदनाम सचिव जिला सैनिक बोर्ड) से प्राप्त कर प्रस्तुत करने होंगे ।

अथवा

वह मध्यप्रदेश के बाहर पदस्थ ऐसे प्रतिरक्षा कर्मचारी का/की पुत्र/पुत्री है, जो मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी है (प्रमाण पत्र प्रारूप-3 भाग-ब में) ।उम्मीदवार को अपने पिता/माता के मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रारूप-11 में प्रस्तुत करना होगा ।

अथवा

वह 1 जनवरी, 2024 का अथवा उसके पूर्व की तिथि से प्रवेश की तिथि तक मध्यप्रदेश में पदस्थ प्रतिरक्षा कर्मचारी का/की पुत्र/पुत्री है । (प्रमाण पत्र प्रारूप-3 भाग-ब में)

टिप्पणी :- सैनिक वर्ग के अंतर्गत किसी उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में किसी संदेह अथवा विवाद की स्थिति में संचालक, सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम होगा ।

भारतीय सशस्त्र सेना के कर्मियों/अधिकारियों का प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगाः-

1. युद्ध के दौरान शहीद की विधवा/ उनके आश्रित।
2. युद्ध के दौरान स्थायी रूप से निःशक्त कार्यरत एवं भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित ।
3. शांति के दौरान सेवाकाल में शहीद के आश्रित ।
4. शांति के दौरान सेवाकाल में स्थायी रूप से निःशक्त हुए सैनिको के आश्रित।
5. निम्न लिखित शौर्य पदकों से सम्मानित सेवारत अथवा पूर्व सैनिकों के आश्रितः
   परमवीर चक्र, अशोक चक्र, सर्वोत्तम युद्ध सेवा मैडल, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, उत्तम सेवा मैडल, वीर चक्र, शौर्य चक्र, युद्ध सेवा मैडल, सेना/नौसेना/वायु सेना मेडल।
6. भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित ।
7. कार्यरत सैनिकों के आश्रित ।

NEET-UG के प्राप्तांक के आधार पर क्रमांक 1 से 7 तक प्रत्येक प्राथमिकता क्रम में प्रावीण्य सूची तैयार होगी एवं प्राथमिकता के अनुसार प्रत्येक क्रम में मेरिट के अनुसार सीट आवंटन किया जावेगा।

(ई) पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालयों में 03 प्रतिशत स्थान प्रत्येक वर्ग में दिव्यांग प्रत्याशियों हेतु होरिजोन्टल आरक्षण रहेगा एवं संबंधित उम्मीदवार उपलब्ध न हो तो रिक्त स्थानो की पूर्ति उसी श्रेणी के बिना वर्ग के प्रत्याशियों से की जावेगी। इस वर्ग के अंतर्गत प्रवेश निम्नलिखित शारीरिक विकलांगताओ से ग्रस्त है, तो उन्हें बी.व्ही.एससी. एण्ड ए. एच. पाठ्यक्रम में प्रवेश नही दिया जायेगा-

(1) समूची देह की निःशक्तता, जिसमें वक्ष/रीढ की 50 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता शामिल हो,
(2) पैरों में 50 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता,
(3) हाथों में निःशक्तता,
(4) नेत्रहीन उम्मीदवार और वे उम्मीदवार जिनकी श्रवण शक्ति कमजोर है,
(5) प्रगामी रोगो, जैसे पेशीविकृति, इत्यादि से ग्रस्त उम्मीदवार,
(6) ऐसी विकलांगताएं जिनसे पशु चिकित्सक के कर्तव्य के निर्वहन में बाधा आती हो,

विकलांगता को विधिवत गठित और अधिकृत मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित कराना होगा, जिसमें कम-से-कम तीन विशेषज्ञ शामिल होने चाहिए और जिनमें से दो संबंधित विकलांगता विशेषज्ञ होने चाहिए। उम्मीदवार को स्वयं मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होना होगा। विकलांग उम्मीदवार का मेडिकल बोर्ड से मिलने वाला अंतिम वैध विकलांगता प्रमाण पत्र विकलांग उम्मीदवार के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की तारीख से कम-से-कम तीन माह से अधिक पुराना नही होना चाहिए।

(फ) सभी वर्गो के अन्तर्गत महिला अभ्यर्थियों के लिए 30 प्रतिशत होरिजोन्टल आरक्षण रहेगा। यदि किसी श्रेणी में निर्धारित मापदण्ड के आधार पर 30 प्रतिशत महिलायें न मिले तो उनके रिक्त स्थानों की पूर्ति उसी श्रेणी के पुरूषों से की जावेंगी।

(व) आवेदक को उसकी श्रेणी के अन्तर्गत केवल एक वर्ग में ही आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। आरक्षित एवं अनारक्षित श्रेणी के किसी वर्ग में पर्याप्त प्रत्याशी उपलब्ध न हो, तो रिक्त स्थानों की पूर्ति उसी श्रेणी के बिना वर्ग के प्रत्याशियों से की जावेगी। आरक्षित श्रेणी के बिना वर्ग में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर उनके रिक्त स्थानों को निम्नानुसार श्रेणी में परिवर्तित कर भरा जावेगा।

- अनुसूचित जनजाति श्रेणी के बिना वर्ग के लिए रिक्त स्थान अनुसूचित जाति के बिना वर्ग अभ्यर्थियों से भरे जावेंगे।
- अनुसूचित जाति श्रेणी के बिना वर्ग के लिए आरक्षित रिक्त स्थान अनुसूचित जनजाति के बिना वर्ग के अभ्यर्थियों से भरे जावेंगे।
- अनुसूचित जन जाति एवं अनुसूचित जाति श्रेणीयों के बिना वर्ग के लिये आरक्षित रिक्त स्थानों अन्य पिछड़ा वर्ग के बिना वर्ग के अभ्यर्थियों से भरे जावेंगे।
- इन तीनों श्रेणियों के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर इन श्रेणियों के आरक्षित रिक्त स्थान अनारक्षित श्रेणी के बिना वर्ग अभ्यर्थियों से भरे जावेगें।
- आर्थिक रूप से कमजोर **(EWS)** श्रेणी के बिना वर्ग के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर इन श्रेणी के आरक्षित रिक्त स्थान अनारक्षित श्रेणी के बिना वर्ग अभ्यर्थियों से भरे जावेगें।

(भ) आर्थिक रूप से कमजोर **(EWS)** वर्ग हेतु 10 प्रतिशत सीटे आरक्षित रहेगीं, जिसमें प्रवेश मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार किया जावेगा (प्रमाण पत्र प्रारूप- 16 में)।

(म) आरक्षित स्थानों पर प्रतिशत निकालते समय दाशमिक अंक 0.5 या उससे अधिक होने पर एक तथा 0.5 से कम होने पर शून्य माना जावेगा।

(न) जिस श्रेणी/वर्ग में प्रवेश हेतु आवेदन किया जा रहा है, अभ्यर्थी को उससे संबंधित श्रेणी/वर्ग का प्रमाण पत्र नियम पुस्तिका में दिए गए निर्धारित प्रारूप अथवा म.प्र.शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(प) अभ्यर्थी द्वारा काउंसलिंग हेतु पंजीयन पत्र में अंकित जानकारी पंजीयन समाप्त हो जाने के उपरांत किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

1.10.1 राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (NEET-UG) 2024 प्रवेश परीक्षा के आधार पर बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच. पाठयक्रम में प्रवेश होगा।

1.10.2 (अ) आरक्षित श्रेणी के उन प्रत्याशियों को जिनके प्राप्तांक अनारक्षित श्रेणी के सफल अन्तिम प्रत्याशी से अधिक हों, उनकी गणना अनारक्षित श्रेणी में की जाकर उन्हें अनारक्षित श्रेणी में प्रवेश दिया जावेगा व उतनी संख्या में अनारक्षित श्रेणी के अन्तिम प्रवेशित प्रत्याशियों को मेरिट सूची से हटा दिया जायेगा एवं आरक्षित श्रेणी का कोटा यथावत उतना रिक्त माना जाएगा। परन्तु यह विभिन्न श्रेणियों के होरिजोन्टल आरक्षण के अन्तर्गत वर्गो में लागू नहीं हेगा।

(ब) यदि किसी श्रेणी में निर्धारित मापदण्ड के आधार पर 30 प्रतिशत महिलायें न मिलें, तो उनके रिक्त स्थानों की पूर्ति उसी श्रेणी के पुरूषों से की जावेगी।

1.10.3 महाविद्यालयों में प्रवेश NEET-UG 2024 परीक्षा के मेरिट के आधार पर आनलाईन/स्पॉट काउंसलिंग के द्वारा सीट आवंटन किया जावेगा। सभी सीटों पर प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित एक समिति के द्वारा कांउसलिंग की जावेगी।

1.11 **प्रमाण पत्रों का प्रवेश के समय प्रस्तुतीकरण** : आवेदक को उसके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित विवरणों की पुष्टि हेतु आवश्यक मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे। आवश्यक प्रमाण-पत्रों को प्रवेश दी गयी संस्था में, प्रवेश के समय निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण-पत्र के निर्धारित प्रारूप प्रवेश परीक्षा की नियम पुस्तिका में दिये गये हैं। यदि यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा झूठी/गलत जानकारी के आधार पर अथवा कुछ तथ्यों को छुपा कर प्रवेश पाया गया है अथवा प्रवेश पश्चात् कभी भी यह पता चलता है कि आवेदक को किसी त्रुटि अथवा भूलवश प्रवेश दे दिया गया था, तो संस्था प्रमुख/विभाग प्रमुख द्वारा आवेदक के प्रवेश को उस पाठयक्रम की अवधि के दौरान कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जायेगा। प्रवेश नियमों से संबंधित सभी नीति विषयक प्रश्नों के निपटाने हेतु म.प्र. शासन, पशु पालन एवं डेयरी विभाग सर्वोच्च निर्णायक होगा। यदि प्रवेश नियमों के स्पष्टीकरण/व्याख्या से संबंधित कोई विवाद खड़ा होता है तो उस निर्णय हेतु मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन विभाग को संदर्भित किया जावेगा जिस पर विभाग का निर्णय अन्तिम होगा। प्रवेश नियमों में संशोधन के अधिकार म.प्र. शासन, पशु पालन एवं डेयरी विभाग को हे। प्रवेश नियमों में प्रवेश हेतु सीटों की संख्या, प्रवेश हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एवं शुल्क आदि के संबंध में

निर्णय लेने का अधिकार म.प्र. शासन, पशु पालन एवं डेयरी विभाग को है तथा इस संबंध में विभाग का निर्णय अन्तिम होगा।

यदि कोई अभ्यार्थी गंभीर बीमारी या दुर्घटना के कारण परामर्श (काउन्सलिंग) की तारीख पर स्वयं उपस्थित होने में असफल रहता है तथा वह चिकित्सालय में भर्ती है,तो उसके संरक्षक/अभिभावक को उसकी ओर से परामर्श (काउन्सलिंग) में उपस्थित होने हेतु अनुज्ञा दी जा सकेगी, बशर्ते कि संबंधित अभ्यार्थी बीमारी तथा चिकित्सालय में भर्ती होने के सबूत के रूप में संबंधित सी.एम.ओ/सिविल सर्जन द्वारा जारी किए चिकित्सा प्रमाणपत्र फोटो के साथ इस आशय का प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करें। यदि बाद में यह पाया गया कि अभ्यार्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी गलत थी, तो प्रवेश रद्द किए जाने योग्य होगा।

1.12 विश्वविद्यालय काउन्सलिंग हेतु विज्ञापन जारी करेगा और प्रवेश के लिए पृथक रूप से या व्यक्तिशः आवेदन नही मंगाएगा। तत्संबंध में विश्वविद्यालय निहित प्रक्रिया के अधीन कार्यवाही करेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन काउन्सलिंग की जानकारी एवं नियम हेतु निरंतर विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ndvsu.org** /पोर्टल **https://ndvsu.mponline.gov.in** देखते रहें।

1.13 यदि कोई अभ्यार्थी परामर्श (काउन्सलिंग) हेतु शामिल होने में असफल रहता है या निहित प्रारूप में सुसंगत मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो वह स्थान तथा संस्था में चयन का अपना दावा खो देगा/ देगी।

1.14 यदि कोई अभ्यार्थी गंभीर बीमारी या दुर्घटना के कारण ऑनलाइन काउन्सलिंग हेतु दस्तावेज सत्यापन/स्पॉट काउसलिंग की तारीख पर स्वयं उपस्थित होने में असफल रहता है तथा वह चिकित्सालय में भर्ती है,तो उसके संरक्षक/अभिभावक को उसकी ओर से उपस्थित होने हेतु अनुज्ञा दी जा सकेगी, बशर्ते कि संबंधित अभ्यार्थी बीमारी तथा चिकित्सालय में भर्ती होने के सबूत के रूप में संबंधित सी.एम.ओ/सिविल सर्जन द्वारा जारी किये चिकित्सा प्रमाणपत्र फोटो के साथ इस आशय का प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करें। यदि बाद में यह पाया गया कि अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी गलत थी, तो प्रवेश रद्द किए जाने योग्य होगा।

1.15 सफल अभ्यार्थियों को परामर्श (काउन्सलिंग) के समय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित फीस जमा करना अनिवार्य होगी। फीस, आवंटित महाविद्यालय में निर्धारित समय अवधि तक जमा करनी होगी।

1.16 **शिक्षण शुल्क की जानकारी**: (NEET) 2024 के माध्यम से नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञानविश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, महू एवं रीवा में साढ़े पांच (5½) वर्षीय बी.व्ही.एस.सी. एंड ए.एच पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले सभी वर्गो के छात्रों से निम्नानुसार वर्षवार शुल्क जमा करना होगा :

स.क्र.	**वर्ष**	**कुल शुल्क (रूपए में)**	
		फ्री सीट	**पेमेंट सीट**
1	प्रथम वर्ष	73860/-	283860/-
2	द्धितीय वर्ष	66750/-	276750/-
3	तृतीय वर्ष	66750/-	276750/-
4	चतुर्थ (1½ वर्षीय)	95250/-	410250/-
5	पंचम वर्ष	66750/-	276750/-

छात्रावास हेतु शुल्क

स.क्र.	**वर्ष**	**कुल शुल्क (रूपए में)**
1	प्रथम वर्ष	21000/-
2	द्धितीय वर्ष	17000/-
3	तृतीय वर्ष	17000/-
4	चतुर्थ (1½ वर्षीय)	25500/-
5	पंचम वर्ष	17000/-

विद्युत शुल्क खपत अनुसार अतिरिक्त देय होगा।

टीप:- विश्विद्यालय द्वारा उपरोक्त शुल्कों में परिवर्तन हो सकता है।

शुल्क वापसी- सत्र 2024 - 25 में बी.व्ही. एससी. एण्ड ए.एच. पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के पश्चात् किसी कारणवश प्रवेश निरस्त करने पर शुल्क वापसी नियमानुसार की जावेगी।

1.17 **नोटरीकृत जमानत बांड**: बी.व्ही. एससी. एण्ड ए.एच. पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश के समय, अभ्यर्थी को 100 रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर एक नोटरीकृत जमानत बांड प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह लिखा होगा कि बी.व्ही.एससी. एण्ड ए.एच. कार्यक्रम पूरा होने से पहले उपस्थिति की कमी सहित किसी भी कारण से प्रवेश के बाद कभी भी अध्ययन छोड़ने की स्थिति में, छात्र को कॉलेज से प्राप्त कुल वजीफे की राशि (यदि कोई हो) वापस कर दी जाएगी, साथ ही कॉलेज छोड़ने का प्रमाण पत्र और माइग्रेशन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए 1.00 लाख रुपये (केवल एक लाख रुपये) की राशि दंड के रूप में वापस कर दी जाएगी।

कुलसचिव,
नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा
विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर

भाग 2

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में वर्ष 2024-25 में बी.एफ. एससी. स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम

1.0 **सामान्य जानकारी**:- ये नियम नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा प्रकाशित **बी.एफ. एससी.** स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम कहलायेंगे जिसमें प्रवेश राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (NEET-UG) 2024 के मेरिट के आधार पर किया जावेगा ।

1.1 स्नातक डिग्री एवं अवधि: **बी.एफ. एससी.** पाठयक्रम की अवधि चार (**4**) वर्ष है एवं शिक्षा का माध्यम अग्रेजी भाषा होगी। **(ICAR द्वारा मान्यता प्राप्त)**

1.2 स्नातक पाठयक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यतायें

1.2.1 **<u>बी.एफ. एससी. पाठयक्रम</u>** में केवल वे प्रत्याशी ही योग्यता के आधार पर प्रवेश के पात्र होंगे, जिनके नाम की अनुशंसा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) (NEET-UG) 2024 के आधार पर की जावेगी।

1.2.2 वे प्रत्याशी, जिन्होनें माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश/केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल, नई दिल्ली द्वारा संचालित (10+2) पद्धति से 12वीं कक्षा की परीक्षा या केन्दीय सरकार अथवा संबधित राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मण्डल की 12 वी की समकक्ष परीक्षा में नीचे दिये गये (अ) एवं (ब) में उल्लेखित विषयों सहित उत्तीर्ण की हो।

(अ) भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान

तथा

(ब) अंग्रेजी विषय लेकर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

इस पाठयक्रम की प्रवेश परीक्षा में वे छात्र भी सम्मिलित हो सकते हैं, जो इस वर्ष 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं या होने वाले हैं। किन्तु इन छात्रों का उपरोक्त पाठयक्रम में प्रवेश हेतु चयन तभी मान्य होगा जब वे प्रवेश के समय अर्हताकारी 10+2 पद्धति की 12 वी कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर अंक सूची प्रस्तुत करेगें। ऐसे आवेदक जो इस वर्ष की अर्हताकारी परीक्षा में उत्तीर्ण न होकर बाद की किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं वे प्रवेश के पात्र नहीं होगें, भले ही उन्होंने NEET-UG की प्रावीण्य सूची में स्थान क्यों न प्राप्त कर लिया हो।

1.2.3 वे प्रत्याशी जो म. प्र. में स्थित किसी भी मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं अथवा किसी भी कारण से महाविद्यालय को छोड़ चुके हैं, उनको प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी।

1.3 **न्यूनतम योग्यता:** अभ्यर्थी को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) (NEET) 2024 परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा । श्रेणी एवं वर्ग वार न्यूनतम नीट परसेन्टाइल अंक (Cut-Off Marks) Qualifying Criteria of NEET (UG) राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (National Testing Agency) द्वारा समय समय पर जारी निंदेशों के अधीन मान्य होगें। यह Cut-Off Marks पंजीयन हेतु एवं सीटों के आवंटन हेतु लागु होगें। आवश्यतानुसार Cut-Off Marks कम किया जा सकता हैं। अभ्यर्थी को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) (NEET) 2024 परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा ।

बी.एफ. एससी. पाठयक्रम में प्रवेश के लिए अनारक्षित/ आथिर्क रूप से कमजोर/ अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवारों को 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण् होना होगा एवं इन विषयों में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होगें । अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को 12 वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा में अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण् होना होगा एवं इन विषयों में कुल मिलाकर न्यूनतम 47.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होगें । परन्तु किसी भी छात्र को 10+2 कक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

1.4 मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में सीटों का आरक्षण एवं वर्गीकरण अगले पृष्ठ में दर्शाया गया है।

बी.एफ. एससी. पाठयक्रम में सीटों का आरक्षण एवं वर्गीकरण

1. फ्री सीट

महाविद्यालय	अनारक्षित (यू.आर.)							अनु.जाति (एस.सी.)							अनु.जनजाति (एस.टी.)							अन्य पिछडा वर्ग (ओ.बी.सी.)							EWS		महा योग
	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	
मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर	**7**	**3**	**0**	**0**	**0**	**0**	**10**	**3**	**2**	**0**	**0**	**0**	**0**	**5**	**5**	**2**	**0**	**0**	**0**	**0**	**7**	**6**	**3**	**0**	**0**	**0**	**0**	**9**	**2**	**1**	**34**

2. पेमेंट सीट

महाविद्यालय	अनारक्षित (यू.आर.)							अनु.जाति (एस.सी.)							अनु.जनजाति (एस.टी.)							अन्य पिछडा वर्ग (ओ.बी.सी.)							EWS		महा योग
	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	KS	FF	SN	PH	योग	X	F	
मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर	**1**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**2**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**1**	**1**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**2**	**1**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**2**	**1**	**0**	**8**

वर्गः F = महिला, KS= कृषक, FF= स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, SN = सैनिक, PH = दिव्यांग , **EWS** = आर्थिक रूप से कमजोर, X = इनमें से कोई नहीं अर्थात बिना वर्ग ।

1.4.1. **पेमेंट सीटों में प्रवेश:-**

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में 20 प्रतिश्त सीटें पेमेंट सीट होगी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) (NEET) 2024 के मेरिट के आधार पर पेमेंट सीट में प्रवेश दिया जायेगा। पेमेंट सीट में प्रवेश के लिए अभ्यथ्रियों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने की बाध्यता नहीं होगी। आरक्षित वर्ग के सीटों में प्रवेश केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही दिया जावेगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को केवल अनारक्षित वर्ग के सीटों में ही प्रवेश के पात्र होगें। काउंसलिंग के समय पेमेंट सीट में प्रवेश हेतु विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** / पोर्टल https://ndvsu.mponline.gov.in देखें।

1.4.2. मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में 20 प्रतिश्त सीटों पर प्रवेश भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्र, नई दिल्ली द्वारा किया जावेगा।

1.4.3. **कश्मीरी प्रवासी एवं कशमीरी पंडित/हिंदु परिवारों (अप्रवासी) कशमीरघाटी में निवासरत के बच्चों के बी.एफ.एससी.** उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में निर्धारित सीटों के अतिरिक्त 5 प्रतिश्त सीटें निर्धारित होंगी। आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें। इनकी काउंसिलिंग विश्वविद्यालय स्तर पर की जाती है।

1.4.3.1 **जम्मू एवं कश्मीर एवं लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के विद्यार्थीयों के लिए बी.एफ. एससी.** उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में निर्धारित सीटों के अतिरिक्त दो सुपरन्यूमरी कोटा सीटें निर्धारित होंगी। आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें। इनकी काउंसिलिंग विश्वविद्यालय स्तर पर की जाती है।

1.4.4. **एन.आर.आई./अप्रवासी भारतीय अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु** (आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें) :

बी.एफ. एससी. उपाधि पाठ्यक्रम हेतु मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में प्रवेश क्षमता के अतिरिक्त 10 प्रतिशत सीटें एन.आर.आई. के लिए आरक्षित रहेगी। आवेदन पत्र, सीटें एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ndvsu.org** देखें। इनकी काउंसिलिंग विश्वविद्यालय स्तर पर की जाती है।

1.4.5 प्रवेशित छात्रों/छात्राओं को प्रवेश के समय विश्वविद्यालय के नियमों के पालन हेतु निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1.5 यदि कोई अभ्यर्थी प्रवेश लेने के पश्चात संस्था प्रमुख को सूचित किए बिना लगातार 15 दिवस अनुपस्थिति रहता है तो उस सीट के लिए उसके सभी अधिकार स्वतः ही समाप्त हो जावेगें।

1.6 **वास्तविक निवासी की पात्रतायें** : पाठयक्रमों की सीटों पर केवल ऐसे अभ्यर्थी को ही प्रवेश की पात्रता होगी।

1. जो भारत का नागरिक हो।

2. (क) जिसने वर्ष 2020 से वर्ष 2024 तक पांच वर्ष की अवधि में म.प्र. में स्थित शिक्षण संस्था में कम से कम लगातार तीन वर्षो तक अध्ययन किया हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 10 में)

अथवा

(ख) जो नीचे दिये गये स्पष्टीकरण (1) के अनुसार म.प्र. का वास्तविक निवासी हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 11 में)

अथवा

(ग) जो निम्नलिखित का पुत्र/पुत्री होः

(1) मध्यप्रदेश शासन के सेवारत अथवा सेवा निवृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश शासन की सेवा में होते हुए मृत कर्मचारी अथवा मध्यप्रदेश के संवर्ग में धारित अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 12 में)

(2) केन्द्रीय शासन का ऐसा कर्मचारी (जिसमें सशस्त्र सेना के कर्मचारी, भारतीय डाक-तार टेलीफोन तथा रेल्वे विभाग के कर्मचारी भी सम्मिलित हैं) अथवा सार्वजनिक उपक्रम का ऐसा कर्मचारी जो दिनांक 1 जनवरी, 2024 को अथवा उसके पूर्व की तिथि से प्रवेश की तिथि तक म.प्र. में पदस्थ रहा हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 13 में)

(3) ऐसा व्यक्ति जो केन्द्रीय शासन अथवा राज्य शासन की किसी योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश में स्थायी रूप से बस गया हो। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 14 में)

स्पष्टीकरण 1 : म.प्र. का वास्तविक निवासी : अभ्यर्थी म.प्र. का वास्तविक निवासी तभी माना जावेगा जब वह नीचे दी गयी दोनों शर्तो (अ) एवं (ब) की पूर्ति करेगा।

(अ) वह मध्यप्रदेश में पैदा हुआ हो

अथवा

उम्मीदवार स्वयं या उसका पिता या माता (यदि पिता जीवित न हो) अथवा यदि पिता/माता दोनों जीवित न हो तो उसका वैध अभिभावक मध्यप्रदेश में निरंतर 15 वर्ष से रह रहा/रही हो अथवा उम्मीदवार स्वयं अथवा उसका पिता/माता (यदि पिता जीवित न हो) अथवा यदि पिता/माता दोनों जीवित न हो तो उसका वैध अभिभावक परीक्षा के वर्ष के पहले कम से कम पांच वर्ष से मध्यप्रदेश में कोई व्यवसाय अथवा व्यापार कर रहा हो अथवा कोई अचल संपत्ति रखता हो।

एवं

(ब) उसने म.प्र. स्थित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कम से कम तीन वर्ष का अध्ययन किया हो जिसमें कक्षा एक से पूर्व की शिक्षा सम्मिलित नहीं होगी।

अथवा

उसने म.प्र. स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था से आठवीं कक्षा, दसवीं कक्षा/बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

टिप्पणी : मध्यप्रदेश के वास्तविक निवासी संबंधी प्रमाण-पत्र (प्रारूप 11 के अनुसारं) कलेक्टर अथवा कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में संदर्भ क्रमांक, जारी करने की तिथि, कार्यालय सील तथा जारी करने वाले अधिकारी का नाम व पद का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

स्पष्टीकरण-2 (अभिभावक) : किसी भी आवेदक के वैध अभिभावक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संबंधित जिला दण्डाधिकारी की राय में आवेदक के पिता और माता की मृत्यु से आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक उसका अथवा उसकी अचल संपति का अथवा दोनों का वास्तविक संरक्षक/नियंत्रक हों। अभिभावक होने के संबंध में सक्षम न्यायालय से तदाशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी के पिता जीवित न हो परन्तु माता जीवित हो तो माता को ही अभ्यर्थी का स्वाभाविक अभिभावक माना जावेगा और अन्य किसी व्यक्ति के अभिभावक के रूप में मान्यता नहीं होगी।

स्पष्टीकरण-3 (दत्तक पुत्र/पुत्री) :यदि कोई आवेदक अनारक्षित अथवा आरक्षित श्रेणी में दत्तक पुत्र/पुत्री के आधार पर प्रवेश के लिए आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि से कम से कम पांच वर्ष पूर्व प्रतिपादित वैध दत्तकनामा होगा। दत्तकनामा तब तक मान्य नहीं किया जावेगा जब तक उसकी संपुष्टि विद्यालय/महाविद्यालय के अभिलेख तथा उच्च माध्यमिक/बी.एस-सी. भाग एक अथवा गत पांच वर्षो से आवेदक द्वारा उत्तीर्ण किसी परीक्षा के प्रमाण-पत्र से नहीं हो जाती है। इन नियमों के अन्तर्गत प्रवेश की पात्रता के लिए ऊपर वर्णित अभिलेख जाति एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के दत्तक आवेदकों के मामले में यह आवश्यक होगा कि ऐसे आवेदक गोद लिए जाने के पूर्व ही क्रमश: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ही रहे हों। ऐसे आवेदक जो मूलतः अन्य जाति के हो तथा उन्हें किन्ही अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के व्यक्तियों ने गोद लिया हो अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आवेदक को प्राप्त सुविधा के लाभ के पात्र नहीं होगें।

1.7 **आयु सीमा** : प्रवेश हेतु यह आवश्यक होगा कि प्रत्याशी की आयु 31 दिसम्बर 2024 को न्यूनतम 17 वर्ष की हो।

1.8 फ्री सीटों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है परंतु पेमेंट सीटों में प्रवेश के लिए अभ्यथ्यिों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने की बाध्यता नहीं होगी। । मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को प्रारूप 17 के अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

1.9 **आरक्षण :**

(अ) मध्यप्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर **(EWS)** वर्ग के पुत्र/पुत्रियों के लिए क्रमश: 16, 20, 27 एवं 10 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे।

(ब) सभी आरक्षित वर्गो में मध्यप्रदेश में वास्तविक रूप से कृषि व्यवसाय में स्थायी रूप से कार्यरत कृषकों, जिनकी जीविका पूर्णतः कृषि पर आधारित हो, उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए 5 प्रतिशत स्थान होरीजोन्टल आरक्षित रहेगें।

(1) कृषक वर्ग के आरक्षण का लाभ कृषकों के उन पुत्र-पुत्रियों को प्राप्त होगा जिन्होंने 5 वीं, 8वीं, 10वीं तथा 12वीं कक्षा में से किन्ही दो कक्षाओं में ग्रामीण क्षेत्र की शाला में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन किया हो। स्वाध्यायी छात्रों /छात्राओं के लिए यह आवश्यक होगा कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों से उपरोक्त में से कोई दो परीक्षाएं उत्तीर्ण की हों ।

(2) शाला का ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत होना प्रमाणित करने के लिए तहसीलदार अथवा विकासखण्ड अधिकारी का प्रारूप प्रमाण-पत्र मान्य होगा। (प्रमाण-पत्र प्रारूप 15 में)

(स) सभी वर्गो के अन्तर्गत म.प्र. में पंजीकृत वास्तविक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के पुत्र/पुत्रियों, पौत्र/पौत्रियों के लिए 3 प्रतिशत (प्रमाण-पत्र प्रारूप 5 में) होरीजोन्टल आरक्षण रहेगा।

(द) भारतीय सेना में कर्तव्य के दौरान वीरगति को प्राप्त अथवा स्थाई रूप से निःशक्त हुए सैनिकों /भूतपूर्व तथा कार्यरत सेना के कर्मियों (Defence Personnel) /सेन्ट्रल आर्म पुलिस फोर्स के पुत्र एवं पुत्रियों/ आश्रितों के लिए मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश हेतु 02 प्रतिशत स्थान होरिजोन्टल आरक्षण के तहत आरक्षित होंगे एवं उपरोक्त होरीजोन्टल आरक्षित सीटों पर अभ्यर्थी उपलब्ध नही होने पर रिक्त स्थानो की पूर्ति उसी श्रेणी के बिना वर्ग के प्रत्याशियों से की जावेगी। इस वर्ग के अंतर्गत प्रवेश हेतु दावा करने वाले उम्मीदवार को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि, वह मध्यप्रदेश में व्यवस्थापित भूतपूर्व सैनिक का पुत्र/पुत्री है। भूतपूर्व सैनिक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई, भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा के अंतर्गत आता हैं। भूतपूर्व सैनिक के पुत्र/पुत्री होने के फलस्वरूप प्रवेश का दावा करने वाले उम्मीदवार को अपने पिता/माता का भूतपूर्व सैनिक संबंधी प्रमाण-पत्र इस नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप-3 भाग-अ में तथा अपने पिता/माता के मध्यप्रदेश में व्यवस्थापित होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रारूप-3 भाग-स में, संबंधित जिले के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (पूर्व का पदनाम सचिव जिला सैनिक बोर्ड) से प्राप्त कर प्रस्तुत करने होंगे ।

अथवा

वह मध्यप्रदेश के बाहर पदस्थ ऐसे प्रतिरक्षा कर्मचारी का/की पुत्र/पुत्री है, जो मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी है (प्रमाण पत्र प्रारूप-3 भाग-ब में) ।उम्मीदवार को अपने पिता/माता के मध्यप्रदेश का वास्तविक निवासी होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रारूप-11 में प्रस्तुत करना होगा ।

अथवा

